शिक्षक विधायक चुनाव: बांसी में 77 प्रतिशत मतदान

बांसी (सिद्धार्थनगर)। शिक्षक खण्ड विधान परिषद सदस्य के चुनाव को लेकर शुक्रवार को बांसी तहसील परिसर में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कार्य सम्पन्न हुआ। यहां कुल 705 मतदाता पंजीकृत थे ।मतदान समाप्त होने तक 440 पुरुष और 100 महिलाओं ने अपना मतदान किया।



चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी और सपा प्रत्याशी डॉक्टर संजयन त्रिपाठी के बीच सीधी टक्कर की संभावना माना जा रहा है।

मतदान के दौरान शिक्षकों ने अपनी समस्याओं और अधिकारों को प्रमुखता से उठाया। एडेड विद्यालय के शिक्षक एवं मतदाता हरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक उसी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रहे हैं, जो सदन में उनकी पेंशन और सम्मान की आवाज मजबूती से उठाएगा। वहीं, वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षक एवं मतदाता सुनील द्विवेदी ने कहा कि वे लंबे समय से समान कार्य-समान वेतन की मांग कर रहे हैं।

शिक्षकों की इस गंभीर समस्या को सदन में उठाने वाले प्रत्याशी को ध्यान में रखकर मतदान किया जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत दर्ज करते आ रहे हैं। इस बार भी चुनाव में सपा और भाजपा प्रत्याशियों के बीच सीधे मुकाबले पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

फिलहाल चुनाव संपन्न कराने में कोतवाली प्रभारी महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी अपने पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे जिससे शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हुआ।

डीएम ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 की मतदान प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा तहसील सदर व बांसी मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा प्रवेश व निकास द्वारों की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एमएलसी चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा भ्रमणशील रहकर अपने अपने क्षेत्र में होने वाले मतदान केन्द्रो पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निष्पक्ष व शान्तिपूर्णढ़ंग से चुनाव कराया जा रहा है। सिद्धार्थनगर प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



बन्दर के कूदने से महिला सफाई कर्मी घायल

बांसी (सिद्धार्थनगर)। नगर पालिका क्षेत्र के अकबरनगर मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह एक बन्दर के कूदने से एक घर से बेंच सड़क से गुजर रही महिला सफाई कर्मी पर गिर गया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई । घायल सफाईकर्मी का इलाज मेडिकल कालेज सिद्धार्थ नगर में चल रहा है। जानकारी के अनुसार नपा की सफाई कर्मी मंजू शास्त्रीनगर वार्ड में सफाई का कार्य करके जा रही थी। जैसे ही अकबरनगर वार्ड में वह डाक्टर आब्दी चौराहा से आगे पहुंची एक बंदर के कूदने से एक घर के छत पर रखा बेंच उसके ऊपर गिर गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई और वह वहीं सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई। उसके सिर से काफी रक्तस्राव होने लगा। यह जानकारी होते ही आसपास काम कर रहे सफाई कर्मी और सफाई प्रभारी राजकुमार पाण्डेय मौके पर पहुंच गए और उसे तत्काल पचास शैय्या युक्त अस्पताल पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक इलाज कर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

बालू लदा ट्रक तालाब में पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत दुधवानिया खुर्द से खुरहुरिया जाने वाले पीडब्ल्यूडी मार्ग पर गुरुवार रात करीब 09 से 9:30 बजे के बीच बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक को गम्भीर चोट लगने की जानकारी सामने आयी है। गनीमत रही कि ट्रक पास में बने घर पर नहीं गिरा, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के मुताबिक बालू से भरा ट्रक हृदयनगर की ओर से होकर वापस आ रहा था। इसी दौरान दुधवानिया खुर्द गांव के पास ट्रक सड़क किनारे स्थित तालाब में पलट गया।



हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ट्रक के पलटने से सड़क किनारे बिखरी ईंटों और मार्ग की स्थिति को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

वहीं नाम न छापने की शर्त पर कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस रास्ते से ग्रामीणों का रोजाना आवागमन होता है, उस पर कई टन बालू लदे भारी वाहनों की आवाजाही हादसे का खतरा बढ़ा सकती है। लोगों का कहना है कि जिस मार्ग पर निर्माण कार्य होना है, वहां सड़क किनारे बड़े-बड़े ईंटों के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क की बदहाली को लेकर पहले भी कई बार निर्माण की मांग उठाई जा चुकी है। इसके बावजूद मार्ग की स्थिति को लेकर लोगों में नाराजगी है। ट्रक पलटने की घटना ने एक बार फिर सड़क की स्थिति और भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर सवाल खड़े कर दिये हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सम्बन्धित विभाग मार्ग की स्थिति का निरीक्षण कर सड़क निर्माण और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकें।

आरएसएस का निकला पथ संचलन

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से शुक्रवार को विजयादशमी उत्सव पर नौगढ़ नगर में पथ संचलन निकाला गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों का अनुशासित पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति और संगठन के प्रति समर्पण के भाव से ओतप्रोत रहा। पथ संचलन का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर परिसर से हुआ। यहां से स्वयंसेवक बांसी तिराहा, भारत माता चौक, स्वामी विवेकानंद चौक, बुद्ध तिराहा, स्टेशन रोड, मौर्या लॉज होते हुए पुन: सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण पहुंचे। निर्धारित मार्ग पर संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का अनुशासन और एकजुटता देखने को मिली। स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज ने कहा कि संघ की स्थापना के 101 वर्ष पूरे हो चुके हैं। स्वयंसेवकों के संकल्प और समर्पण के कारण देशसेवा का कार्य निर्बाध रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि भारत के कोने-कोने में भगवान श्रीराम व्याप्त हैं और भारत हमारे लिए स्वर्ग के समान है। इसकी रक्षा करना हमारा परम दायित्व है। देशविरोधी ताकतों को पहचानना और उनके मंसूबे को पूरा होने से रोकना भी हमारा कार्य है। देश की संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति समर्पण ही संघ के कार्यों का आधार है। इस दौरान संघ के अजीत, रणजीत, मनोज कुमार, सौरभ, मुरलीधर, अविनाश सीमा, उमा सिंह, विपिन सिंह, दिवाकर विक्रम, सतीश रस्तोगी बीजेपी के जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, एमएलए श्यामधनी राही, आशीष शुक्ला, रामनारायण, हेमंत जायसवाल, सत्यप्रकाश राही आदि मौजूद रहे।



75 दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस, आतिशबाजी के साथ शान्तिपूर्ण विसर्जन सम्पन्न

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे में गुरुवार भोर से 75 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुर्गा प्रतिमा कार्यक्रम प्रक्रिया 21 अक्टूबर की देर रात्रि शुरू होकर 22 अक्टूबर गुरुवार सुबह 11 बजे खत्म हुई। आपको बता दें कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस राम जानकी मंदिर से निकला। दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस गड़ाकुल स्थित तिरंगा चौराहा, नगर पंचायत कार्यालय, गोलघर, भारत माता चौक, सोनाली मोहल्ला, रमजान गली और पुरानी तहसील रोड से होते हुए महादेवा नानकार स्थित डोइया पुल पहुंचा और क्रेन से सभी मूर्तियों का विसर्जन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने %जय माता दी% के नारे लगाये। डीजे पर लोगों ने डांस किया और आतिशबाजी भी हुई। दुर्गा पूजा संचालन समिति के किशोरी लाल गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, अवधेश आर्य समेत कई सदस्यों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल की अगुवाई में एसडीएम रवीश गुप्ता, सीईओ मयंक द्विवेदी और थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। प्रशासन के अधिकारियों ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था देखी। वहीं पुलिस बल की तैनाती से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। दुर्गा पूजा संचालन समिति और प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम शान्तिपूर्ण पूरा हुआ।

लाठी से करतब दिखाते समय पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष की अचानक मौत

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे में बुधवार देर रात्रि दुर्गा मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा के दौरान लाठी से करतब दिखाते समय अचानक पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व पूर्व प्रधान 55 वर्षीय श्याम सुन्दर चौधरी की मौत हो गई। आपको बता दें कि नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बा में स्थित गड़ाकुल के अपने आवास के सामने अखाड़े में करतब दिखा रहे थे। इसी दौरान श्याम सुन्दर चौधरी अचानक लड़खड़ाकर औंधे मुंह गिर पड़े। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहीं हालत गम्भीर होने पर परिजन जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।जानकारी के मुताबिक बुधवार रात कस्बे में दुर्गा मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इसमें शामिल अखाड़े में युवा और अन्य लोग लाठीवाजी सहित विभिन्न करतब दिखा रहे थे। हर बर्ष की भांति श्याम सुन्दर चौधरी भी अपने आवास के सामने लाठी से करतब दिखा रहे थे कि अचानक वह गिर पड़े। वहीं कुछ लोगों ने तेज आवाज में बज रहे डीजे के कंपन के बीच उनके लड़खड़ाने की चर्चा की, हालांकि उनकी मौत का डीजे की आवाज से कोई सम्बन्ध होने की पुष्टि नहीं हुई है। परिजन ने इस मामले में कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया। उनका कहना है कि 12-13 साल पहले उनकी सर्जरी हुई थी लेकिन इसके बाद उन्हें कोई समस्या नहीं थी। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया है तो शव उन्हें सौंप दिया गया है। वहीं नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे में शान्ति व्यवस्था कायम है।



तेज आवाज में लाउडस्पीकर, डीजे बजाया तो होगी काररवाई

सिद्धार्थनगर। तेज आवाज में बजने वाले डीजे और लाउडस्पीकर को लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण और प्रशासन की ओर से गम्भीर चेतावनियाँ और सख्त दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। अत्यधिक शोर (ध्वनि प्रदूषण) केवल शान्ति भंग नहीं करता, बल्कि इंसान की सेहत और पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। जिसको लेकर प्रशासन ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे और लाउडस्पीकर हेतु गम्भीर चेतावनियाँ और सख्त दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं =

सेहत पर गम्भीर खतरे

डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार 85 डेसिबल से अधिक का शोर मानव शरीर के लिए खतरनाक होता है। अक्सर डीजे का शोर 100 से 120 डेसिबल या उससे अधिक पहुंच जाता है। इससे निम्नलिखित खतरे रहते हैं। जिनमें -

हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज = तेज आवाज शरीर में तनाव हार्मोन (एड्रेनालिन) को बढ़ा देती है, जिससे रक्तचाप और दिल की धड़कन अचानक बढ़ सकती है। धमनियों पर दबाव पड़ने से हार्ट अटैक या दिमाग की नस फटने (ब्रेन हेमरेज) का खतरा बढ़ जाता है।

कान की सुनने की क्षमता का नुकसान = 100 डेसिबल से अधिक शोर पर कान के पर्दे को नुकसान पहुंच सकता है और व्यक्ति हमेशा के लिए बहरा हो सकता है (एकास्टिक ट्रमा)।

बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों पर असर = अत्यधिक कंपन और शोर से गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बच्चों और हृदय रोगियों की तबीयत बिगड़ सकती है। मानसिक तनाव व अनिद्रा = लगातार तेज शोर से चिड़चिड़ापन, तनाव और नींद न आने की समस्या पैदा होती है।

पर्यावरण और वन्यजीवों पर प्रभाव को लेकर पशु-पक्षियों के लिए घातक = तेज डीजे के शोर और कंपन से पक्षी अपने घोंसले छोड़कर भाग जाते हैं या उनके रास्ते भटकने का खतरा रहता है। पालतू और आवारा जानवर अत्यधिक भयभीत होकर आक्रामक हो जाते हैं। पारिस्थितिकी संतुलन में बाधा = शान्त वातावरण वाले क्षेत्रों और जंगलों/पार्कों के पास तेज संगीत बजाने से वन्यजीवों का जीवन प्रभावित होता है।

ध्वनि प्रदूषण नियम और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत तेज डीजे बजाने पर सख्त कानूनी प्रावधान हैं, जैसे - समय की पाबन्दी = रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक खुले स्थानों पर लाउडस्पीकर और तेज डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध है। आवाज की सीमा = रिहायशी इलाकों में दिन के समय अधिकतम सीमा 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल निर्धारित है।

सजा व जुर्माना = बिना अनुमति या सीमा से अधिक आवाज में डीजे बजाने पर साउंड सिस्टम जब्त किया जा सकता है। नियम तोड़ने वालों पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है।

महिला समूह संघ ने तेरह सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा

बांसी(सिद्धार्थनगर)। महिला समूह संघ उत्तर प्रदेश कि जिला इकाई ने अपनी उपजिलाधिकारी को संबोधित तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर माधव प्रसाद त्रिपाठी पार्क में धरना दिया।

राष्ट्रीय अजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह कि प्रमुख माँगो में समूह की महिलायो को राज्य कार्मचारी का दर्जा दिया जाने, समूह सखियो का मानदेय दो हजार से बढ़ा कर 15 हजार रू0 महीना किए जाने तथा ब्लाक मुख्यालय आने जाने का भत्ता देने, पूरे उत्तर प्रदेश में महिला मैटो को नियुक्ति प्रमाण पत्र तथा 12 हजार रू0 मानदेय दिया जाये। स्वास्थ्य सखियो को पूरे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराया जाये तथा न्यूनतम वेतन 12 हजार रू0 दिया जाये।

बीसी सखियों को जो 75 हजार रू0 दिया गया था उसे ब्याज मुक्त किया जाये तथा बीसी सखियो से उत्तर प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत में विधवा पेशन, विकलांग पेशन, किसान सम्मान निधि तथा विकसित भारत जी राम जी का भुगतान का पैसा ग्राम सभा में बीसी सखिये द्वारा ही निकलवाया जाये तथा बीसी सखियो का मानदेय 10 हजार रू0 किया जाये। अजीविका सखी, बैक संखी का पूरे उत्तर प्रदेश में मनदेय 10 हजार रू0 किया जाये।



समूह से जुडी हुई महिलाओं की बेटी की शादी के लिये 2 लाख का अनुदान दिया जाये। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी पिंकी गौड़,शाहजहाँ बानो,बरकुलाती, ज्ञानमती, रीना, सीमा, संगीता, किरन,चैनमती, निर्मला, लक्ष्मी और पुनीता आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहीं। शुक्रवार को शिक्षक खण्ड सदस्य विधान परिषद का चुनाव होने के कारण धरना स्थल तहसील परिसर से बदल कर माधव प्रसाद त्रिपाठी पार्क कर दिया गया था जहां तहसीलदार बांसी बृजेश कुमार ने पहुंच कर माँग पत्र को लेते कहा कि हम इसको शासन में भेज देंगे।

अज्ञात कारणों से मोबाइल शॉप में लगी सब कुछ जलकर खाक

बांसी(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय नगर क्षेत्र के कोतवाली रोड पर बृहस्पतिवार की बीती रात लगभग एक बजे अज्ञात कारणों के चलते आसिफ सिद्दीकी मोबाइल शॉप की दुकान में भीषण आग लग गई। आग



लगने के कारण दुकान में रखा सारा सामान जलकर पूरी तरह स्वाहा हो गया जिससे 6 से 7 लाख रुपए का नुकसान का अनुमान है। दूकान के ऊपर बने आवास में एक मौलाना मैनुद्दीन रहा करते जो किसी कार्य से कहीं बाहर गए हुए थे, वापसी में रात लगभग एक बजे वह अपने कमरे पर आ रहे थे, जो आग लगने वाली दूकान के ऊपर ही है, वहां पहुंचने पर दूकान के भीतर से धुंआ निकलता देख दूकान पर लिखे मो नम्बर पर फोन किया फोन नहीं उठने पर तत्काल कोतवाली व गस्त कर रही पुलिस को सूचित किया । पुलिस टीम के पास आस पास के कुछ दुकानदारों के फोन नम्बर जिससे लोगों को सूचना देने के साथ ही लोग आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास करते रहे। कुछ ही मिनटों वहां काफी लोग इकठ्ठा हो, फायर ब्रिगेड भी आ गया और काफी मशक्कत के बाद आग बुझ पायी, लेकिन तब सब कुछ जल कर राख हो गया। घटना में विद्युत विभाग की लापरवाही ने विकराल रूप धारण कर लिया था लेकिन वहां मौजूद लोगों की तत्परता से आस पास कोई नुकसान नहीं हुआ , लेकिन सिद्दीकी मोबाइल शॉप पूरी तरह जलकर खाक हो गया। लोगों का कहना है कि देर रात मौलाना मैनुद्दीन का कहीं से वापस अपने कमरे पर आना व पुलिस टीम मुस्तैदी न दिखाती तो आग आसपास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लेती, जिससे और भी बड़ा नुकसान हो सकता था। इस सन्दर्भ में कोतवाल महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर जो भी विधिक कार्यवाही होगी किया जाएगा।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में संत कबीरनगर में 86.30 प्रतिशत मतदान

संतकबीरनगर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव में शुक्रवार को संत कबीरनगर जिले में 86.30 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के सात मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे निर्धारित समय पर संपन्न हो गई। मतदान के दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी लगातार सक्रिय रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अनुज मलिक तथा पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की स्थिति देखी। साथ ही मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी की ।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम के संपर्क में भी बने रहे। वहीं, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई ।प्रशासन के अनुसार, जिले के सभी सात मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष निगरानी रखी गई।

◆सात मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान, डीएम और एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नाथनगर में 136 मतदाताओं ने किया मतदान

संतकबीरनगर।शिक्षक एमएलसी क्षेत्र गोरखपुर फैजाबाद खंड के लिए शुक्रवार को नाथनगर ब्लॉक परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। कुल 154 मतदाताओं में से 136 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधान मंडल के उच्च सदन में अपना प्रतिनिधि भेजने के लिए शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

शुक्रवार की सुबह 8 बजे से ही शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए मतदाता नाथनगर ब्लॉक परिसर स्थित बूथ पर पहुंचने लगे थे। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मौजूद सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आए। एसडीएम और तहसीलदार धनघटा ने शांतिपूर्ण ढंग से चले रही चुनाव प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान में हिस्सा लेने के बाद कुछ मतदाताओं ने पुरानी पेंशन बहाली, वित्त विहीन शिक्षकों की समस्या के मुद्दे पर मतदान का दावा किया तो कुछ मतदाताओं ने विचारधारा को आत्मसात करते हुए दलगत आस्था के आधार पर मतदान का दावा किया। ब्लॉक मुख्यालय पर मतदाताओं के रुझान से मुकाबला सपा भाजपा के बीच सिमटता नज़र आया। भाजपा कैप में जहां क्षेत्रीय विधायक गणेश चौहान, पूर्व प्रत्याशी नीलमणि, ब्लॉक प्रमुख राम वृक्ष यादव, डा सत्यपाल पाल, गणेश पांडेय, अशोक यादव साधू, मंडल अध्यक्ष संतलाल मौर्य और दिनेश चौधरी मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए सहेजते नज़र आए वहीं समाजवादी पार्टी के कैप में प्रदेश सचिव नित्यानंद यादव, अलगू प्रसाद चौहान, असद महताब, अंकिता बॉबी, श्याम सुंदर चौहान, अवधेश यादव, इंजीनियर सुरेंद्र यादव, इंदल यादव, रामा यादव, सुरेंद्र यादव, जबीउल्लाह खान, बब्लू चौधरी आदि लोग अपने समर्थक मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में बूथ तक पहुंचाने में लगे रहे। हार जीत का परिणाम जो भी हो लेकिन इस बूथ पर सपा और भाजपा के बीच मुकाबला सिमटता नज़र आया।

हत्यारोपी दो महिलाओं की अग्रिम जमानत निरस्त

संत कबीर नगर। जिला एवं सत्र न्यायालय ने ब्रह्मानंद यादव की निर्मम हत्या के मामले में आरोपी दो महिलाओं निशा यादव और शीला देवी की अग्रिम जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सत्र न्यायाधीश रणधीर सिंह ने अपराध की गंभीरता और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह आदेश पारित किया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन कथानक के अनुसार, 22 सितंबर 2026 को दोपहर लगभग 2:50 बजे ब्रह्मानंद यादव अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से गिठिनी बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे राकेश यादव के घर के पास पहुंचे, पूर्व-नियोजित साजिश के तहत रास्ते में घात लगाकर खड़ी आरोपी महिलाओं निशा पत्नी दुर्गेश और शीला पत्नी जनार्दन ने उनकी आंखों में पिसा हुआ लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया।

मिर्च पाउडर पड़ते ही ब्रह्मानंद बुलेट सहित जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद अन्य सह-अभियुक्तों ने मिलकर लाठी-डंडे, गंडासे और फरसा से उन पर हमला कर दिया और बुरी तरह से मार-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन 112 नंबर पुलिस वाहन से घायल को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों पर कुल 11 गंभीर चोटों का उल्लेख किया गया है।

वादी मुकदमा रामाकान्त यादव की तहरीर पर थाना खलीलाबाद में भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्त पक्ष की ओर से यह तर्क दिया गया कि उन्हें रंजिशवश झूठा फंसाया गया है और वे घरेलू महिलाएं हैं। वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) विशाल श्रीवास्तव ने जमानत प्रार्थना पत्र का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि अपराध अत्यंत गंभीर प्रकृति का है और चश्मदीद गवाहों तथा केस डायरी में पेन ड्राइव के साक्ष्यों से आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट होती है।

अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद टिप्पणी की कि परिस्थितियों और अपराध की प्रकृति अत्यंत गंभीर है, इसलिए आरोपियों को अग्रिम जमानत दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने निशा यादव और शीला देवी, दोनों की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

टूटा पुल, ट्रॉली फंसी; ग्रामीणों ने की त्वरित मरम्मत की मांग

संतकबीरनगर। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देवरिया लाल से मुसरद जाने वाले मुख्य मार्ग पर अमया गांव के पास लोक निर्माण विभाग का एक पुल अचानक टूट गया। घटना के दौरान एक ट्रॉली पुल पर फंस गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पुल टूटने से इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है और बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। ग्राम प्रधान साजिद खान, जावेद अहमद, शमशाद अहमद, हरिवंश, जय राम, और ब्रिज मोहन सहित तमाम लोगों ने प्रशासन से तत्काल मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था (बैरिकेडिंग आदि) सुनिश्चित करने और पुल की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की पुरजोर मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए प्रशासन इस पर तत्काल संज्ञान ले ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।